# छत्तीसगढ़ शासन
# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
# राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
# (COVID19)

website: www.cghealth.nic.in | Corona Helpline - 104 | Email: idspssucg@rediffmail.com

## दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 16 अगस्त 2020 (शाम 8:15 बजे तक)

| Today Positive | Total Positive | Total Active | Today Discharge | Total Discharge | Today Deaths | Total Deaths |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 426 | 15471 | 5095 | 189 | 10235 | 07 | 141 |

- विश्व में अब तक कुल 21026758 व्यक्ति संक्रमित हैं और अभी तक कुल 755786 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। भारत में वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से 35 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश प्रभावित हैं, जिनमें कुल 1862258 स्वस्थ्य होने के उपरांत डिस्चार्ज हुए है, कुल 677444 मरीज सक्रिय हैं तथा कुल 49980 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है।
- छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक कोरोना वायरस के परीक्षण हेतु **कुल 419658 (RTPCR - 315910 + TrueNat - 31931 + Rapid Antigen Kit - 71817) सैम्पल जांच** किया गया है, जिसमें **15471 धनात्मक मरीजों** की पहचान की गई, जिनमें अब तक **कुल 10235 मरीज स्वस्थ्य होने के उपरांत डिस्चार्ज किए गए** तथा 5095 **मरीज सक्रिय हैं।**
- **आज कुल नए 426 कोरोना पॉजीटिव मरीजों की पहचान की गई है। जिला रायपुर से 230, दुर्ग से 57, बिलासपुर से 42, रायगढ़ से 34, सरगुजा से 16, जशपुर से 11, राजनांदगांव से 09, दंतेवाड़ा से 05, बालोद, बलौदाबाजार व महासमुंद से 03–03, कोरिया, नारायणपुर व बीजापुर से 02–02, बेमेतरा, कबीरधाम, गरियाबंद, कोरबा, सूरजपुर, कांकेर व अन्य राज्य से 01–01। आज पाए गए पॉजीटिव मरीजों की अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती प्रक्रिया जारी है।**
- **शैलेन्द्र नगर, रायपुर निवासी 56 वर्षीय पुरूष जिन्हें बुखार, कफ, सांस में लगभग 10 दिनों से तकलीफ़ की वजह से पूर्व में एम.एम.आई. हॉस्पिटल, रायपुर में बाद में दिनांक 10.08.2020 को रामकृष्ण हॉस्पिटल, रायपुर में भर्ती किया गया था, कोविड न्यूमोनिया से पीड़ित मरीज को समुचित उपचार दिये जाने के बावजूद दिनांक 16.08.2020 को मृत्यु हो गई।**
- **रामकुंड रायपुर निवासी 65 वर्षीय पुरूष जिन्हें सांस की तकलीफ, गले में खराश की वजह से दिनांक 05.08.2020 को एम्स, रायपुर में भर्ती किया गया था, कोविड पॉजिटिव इन मरीज को कोविड आई.सी.यू. में भर्ती रख समुचित उपचार देने के बावजूद दिनांक 16.08.2020 को प्रातः इनकी मृत्यु हो गई।**

- एन.एम.डी.सी. कॉलोनी बचेली, जिला दन्तेवाड़ा 75 वर्षीय पुरूष जो कि बुखार, कफ़ से पीड़ित थे, दिनांक 08.08.2020 को श्री नारायणा हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती कराए गए थे, समुचित उपचार के बावजूद कोविड एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस के काम्पलिकेशन्स की वजह से दिनांक 15.08.2020 को इनकी मृत्यु हो गई।
- सुकालीपाली, जांजगीर निवासी 36 वर्षीय पुरूष जो 4–5 दिनों से बुखार, कफ़ तथा ब्रेथलेसनेस से पीड़ित होने की वजह से दिनांक 15.08.2020 को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती किये गये थे, कोविड पॉजिटिव न्यूमोनाईटिस से पीड़ित मरीज को समुचित उपचार दिये जाने के बावजूद दिनांक 16.08.2020 को मृत्यु हो गई।
- धनगर चौक, टिकरापारा, रायपुर के निवासी 72 वर्षीय पुरूष जो पूर्व ही से उच्च रक्तचाप व डायबीटिज से पीड़ित थे कफ़, बुखार की वजह से दिनांक 09.08.2020 को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इन्हें भर्ती कर कोविड पॉजिटिव न्यूमोनिया व अन्य बीमारियों हेतु उपचारित किया जा रहा था, समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 16.08.2020 को प्रातः इनका निधन हो गया।
- कैलाश नगर, बिरगांव रायपुर निवासी 50 वर्षीय पुरूष जो ब्रेथलेसनेस, कफ़ की वजह से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कोविड आई.सी.यू. में दिनांक 15.08.2020 भर्ती कराए गए थे, पूर्व ही से उच्च रक्तचाप व डायबीटिज से पीड़ित थे, समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 16.08.2020 को प्रातः इनकी मृत्यु हो गई।

<u>दन्तेवाड़ा किरन्दुल के अस्पताल में पूर्व में हुई मृत्यु की जानकारी जो दिनांक 16.08.2020 को प्राप्त हुई है :–</u>

- किरंदुल, दन्तेवाड़ा निवासी 45 वर्षीय पुरूष जो कि 7–8 दिनों से बुखार, सांस तेज चलने की तकलीफ, कफ़ से पीड़ित थे, तकलीफ बढ़ने पर इन्हें एन.एम.डी.सी. हॉस्पिटल किरन्दुल, दन्तेवाड़ा में दिनांक 09.08.2020 को उपचारार्थ भर्ती कराया गया था, समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 11.08.2020 को मरीज की मृत्यु हो गई।

सुरक्षा के लिए उपयुक्त व्यवहारों #Mask #Handwash #PhysicalDistancing का पालन करें, जागरूक रहें, जागरूक करें।

| छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 16-08-2020 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | जिला | TODAY POSITIVE | TOTAL POSITIVE CASES | TODAY DISCHARGE | TOTAL DISCHARGE | TOTAL ACTIVE CASES | DEATH | |
| | | | | | | | COVID Death | Associated Co-Morbidity |
| 1 | दुर्ग | 57 | 1439 | 14 | 855 | 567 | 5 | 12 |
| 2 | राजनांदगांव | 9 | 1144 | 3 | 857 | 280 | 3 | 4 |
| 3 | बालोद | 3 | 154 | 7 | 108 | 46 | | |
| 4 | बेमेतरा | 1 | 199 | | 134 | 65 | | |
| 5 | कबीरधाम | 1 | 246 | | 190 | 56 | | |
| 6 | रायपुर | 230 | 5420 | 30 | 3084 | 2261 | 23 | 52 |
| 7 | धमतरी | | 73 | 4 | 61 | 11 | | 1 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 3 | 535 | | 414 | 118 | 2 | 1 |
| 9 | महासमुंद | 3 | 261 | 15 | 169 | 89 | | 3 |
| 10. | गरियाबंद | 1 | 143 | 7 | 107 | 35 | | 1 |
| 11. | बिलासपुर | 42 | 1027 | 66 | 780 | 239 | | 8 |
| 12. | रायगढ़ | 34 | 608 | 3 | 289 | 314 | 1 | 4 |
| 13. | कोरबा | 1 | 504 | | 413 | 91 | | |
| 14. | जांजगीर-चांपा | | 587 | 4 | 515 | 66 | 3 | 3 |
| 15. | मुंगेली | | 184 | | 173 | 11 | | |
| 16. | गौरेला पेंड्रा मरवाही | | 33 | | 31 | 2 | | |
| 17. | सरगुजा | 16 | 315 | 10 | 250 | 63 | 1 | 1 |
| 18. | कोरिया | 2 | 174 | | 137 | 35 | | 2 |
| 19. | सूरजपुर | 1 | 119 | | 89 | 29 | 1 | |
| 20. | बलरामपुर | | 249 | 3 | 243 | 6 | | |
| 21. | जशपुर | 11 | 314 | 4 | 265 | 49 | | |
| 22. | बस्तर | | 391 | 1 | 221 | 168 | 1 | 1 |
| 23. | कोंडागांव | | 204 | 9 | 109 | 95 | | |
| 24. | दंतेवाडा | 5 | 168 | | 138 | 28 | 2 | |
| 25. | सुकमा | | 197 | | 83 | 114 | | |
| 26. | कांकेर | 1 | 357 | 9 | 259 | 98 | | |
| 27. | नारायणपुर | 2 | 272 | | 172 | 100 | | |
| 28. | बीजापुर | 2 | 121 | | 83 | 37 | | 1 |
| 0 | अन्य | 1 | 33 | | 6 | 22 | | 5 |
| **महायोग** | | 426 | 15471 | 189 | 10235 | 5095 | 42 | 99 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**